हिन्दुस्तान
तरक्की को चाहिए नया नजरिया
शुक्रवार, 26 फरवरी 2021, बरेली, पांच प्रदेश, 21 संस्करण, नगर
www.livehindustan.com

PAGE NO. 08 : RIGHT TOP

रिद्धिमा में 26 से वसंतोत्सव का आयोजन

बरेली। श्री राममूर्ति स्मारक रिद्धिमा मंच एवं ललित कला केंद्र में दो दिवसीय चित्रोत्सव का आयोजन 26 से होगा। रिद्धिमा मंच एवं ललित कला केंद्र की सेंट्रर हेड डा.कविता अरोरा ने वसंतोत्सव और चित्रोत्सव की विस्तृत जानकारी दी। राष्ट्रीय चित्रकला प्रतियोगिता के रूप में आयोजित इस चित्रोत्सव का विषय फाल्गुन के रंग, जीवन के संग रखा गया है। कनिष्ठ (18 वर्ष से 21 वर्ष) और वरिष्ठ वर्ग (22 वर्ष से 26 वर्ष) में विभाजित इस प्रतियोगिता में पांच नकद पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। कविता अरोड़ा ने बताया कि चित्रोत्सव के लिए अब तक 50 से ज्यादा प्रतियोगियों ने पंजीकरण करवा लिया है।